**प्रेस नोट जनपद फतेहपुर**
**दिनांक 13.05.2025**

**पुलिस मुठभेड़**

**थाना असोथर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 12.05.2025 को घटित लूट की घटना का सफल अनावरण। थाना असोथर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस मुठभेड में 01 शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरे सहित 02 अन्य अभि0 गिरफ्तार, कब्जे से लूटा हुआ 01 अदद मोबाइल फोन, 02 अदद मोबाइल, 01 अदद देशी तमंचा, 01 अदद खोखा कारतूस, 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद मिस कारतूस 315 बोर, लूट की घटना में प्रयुक्त अपाचे मो0सा0 व 350/- रुपये नगद बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण-** एसओजी व थाना असोथऱ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 12/13.05.2025 की रात्रि थाना असोथर क्षेत्रांतर्गत सुशवन बुजुर्ग नहर पुलिया बहद ग्राम बदरामऊ के पास चेकिंग की जा रही थी तभी 01 व्यक्ति मोटर साइकिल से आता दिखाई दिया जिसे रोकने के प्रयास पर मोटर साइकिल पीछे मोड़कर भागने दौरान फिसलकर गिर गया और स्वयं को घिरता देख पुलिस की तरफ लक्ष्य कर फायर करने लगा कि, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभि0 हरिओम पुत्र दुर्गेश राजपूत के बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभि0 हरिओम थाना असोथऱ के मु0अ0सं0 85/2025 धारा 309(4)/312/317(4) बीएनएस थाना असोथर जनपद फतेहपुर में वांछित है। घायल अभियुक्त को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी असोथर ले जाया गया। लूट की घटना में सलिप्त 02 अभियुक्तों क्रमशः 1. विवेक पुत्र रमेश राजपूत निवासी ग्राम गंगईपार थाना ललौली जनपद फतेहपुर, 2. आकाश बाबू पुत्र शेरा उर्फ सुशील कुमार राजपूत निवासी बहबलपुर थाना हुसैंनगंज जनपद फतेहपुर को दौरान घटना स्थानीय जनता के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।

**वर्तमान में की गयी कृत कार्यवाही का विवरणः-** उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना असोथर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-85/2025 धारा 309(4)/312/317(4) बीएनएस में अपराध धारा 109/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर विधिसंगत कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम को 15000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पताः--**

1. विवेक पुत्र रमेश राजपूत निवासी ग्राम गंगईपार थाना ललौली जनपद फतेहपुर।
2. आकाश बाबू पुत्र शेरा उर्फ सुशील कुमार राजपूत निवासी ग्राम बहबलपुर थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर।
3. हरिओम पुत्र दुर्गेश राजपूत निवासी ग्राम गंगईपार थाना ललौली जनपद फतेहपुर **(घायल)**

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर
2. 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. 01 अदद मिस कारतूस 315 बोर
5. 02 अदद मोबाइल
6. लूटा हुआ 01 अदद मोबाइल फोन
6. लूट की घटना में प्रयुक्त अपाचे मो0सा0
7. 350/- रुपये नगद बरामद।

**A- गिरफ्तारी करने वाली टीम थाना असोथऱ —**

1. थानाध्यक्ष श्री अभिलाष तिवारी थाना असोथर जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 राजेन्द्र कुमार यादव
3. का0 रविन्द्र कुमार
4. का0  विरेन्द्र कुमार
5. का0 वीकेश कुमार

**B- गिरफ्तारी करने वाली टीम एसओजी-**

1. निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव प्रभारी एसओजी मय टीम।
2. मु0आ0 अनिल सिंह
3. का0 अभिमन्यू पटेल
4. का0 बृजेश पाल
5. का0 राहुल कुमार
6. का0 अमन सिंह

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद फतेहपुर**